आकाशवाणी गोरखपुर

प्रादेशिक समाचार

दिनांक–11 जनवरी 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में माघ मेला व्यवस्था और आगामी स्नान पर्व की तैयारियों का किया निरीक्षण। कहा– पवित्रता, संवाद व समन्वय से संपन्न होंगे सभी स्नान।
- तीन दिवसीय विकसित भारत यंग लीडर्स डॉयलाग शुरू। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा– विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं की प्रतिभा को पहचानने की प्रक्रिया है यह संवाद।
- पर्यटन विभाग होम स्टे और ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट योजना के लिए चलाएगा चौदह से तीस जनवरी तक प्रदेशव्यापी जागरूकता अभियान।
- प्रदेश के अधिकांश जिलों में कोहरे और ठंड का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक सिलसिला जारी रहने की दी चेतावनी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि श्रद्धालुओं और कल्पवासियों की सुरक्षा में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। माघ मेला में पवित्रता, संवाद और समन्वय के साथ सभी प्रमुख स्नान सकुशल सम्पन्न होने चाहिए। मुख्यमंत्री कल प्रयागराज में माघ मेला की व्यवस्था और स्नान पर्व की तैयारियों के निरीक्षण के बाद मेला प्राधिकरण के साथ समीक्षा बैठक में अधिकारियों को यह निर्देश दे रहे थे। बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री योगी ने कहा कि प्रशासन की सजगता, तकनीक के उपयोग और सभी विभागों के आपसी सहयोग से श्रद्धालुओं की सुविधाएं और सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है।

***इस पूरे आयोजन के लिए प्रशासन ने पुलिस ने और सभी संबंधित विभागों ने अपनी पूरी तैयारियां की है। पहले की तुलना में घाटों की लंबाई बढ़ाई है। स्वच्छता का विशेष ध्यान दिया गया है। भीषण शीत लहरी है। इसमें बचाव के लिए आवश्यक उपाय किए गए हैं। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के साथ ही मेला से जुड़े हुए मेला सेवा एप्प का भी शुभारंभ करते हुए किसी भी कल्पवासी को किसी भी संत को किसी भी श्रद्धालु को अगर कोई सेवा लेनी हो, किसी प्रकार की कोई उनकी यहां कोई किसी प्रकार की समस्या हो तो इससे संबंधित वह अपने इस मोबाइल एप्प के माध्यम से भी जानकारी लेकर के और अपनी जानकारी दे करके उस सेवा का उपयोग कर सकता है।***

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री माघ मेले में आयोजित जगद्गुरु रामानंदाचार्य के 726वें प्राकट्य महोत्सव में भी शामिल हुए।

**********

केंद्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि देश के भविष्य को आकार देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। कल नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री मांडविया ने कहा कि यह डायलॉग 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं की प्रतिभा और रचनात्मकता को पहचानने की एक प्रक्रिया है।

***ऐसे हमारे टेलेंटिड युवाओं को ऐडेंटिफाई करना, उसके लीडरशिप के संस्कार को नरचर करना और उसको लीडर बनाना दोस्तों विकसित भारत यंग लीडर डॉयलौग ये देश के यंग लीडर तैयार करने के प्रोसेस है। दोस्तों प्रोसेस का आप हिस्सा बने हैं इसलिए मैं आपको अभिनंदन देता हूं।***

तीन दिवसीय इस संवाद में उत्तर प्रदेश के 79 प्रतिभागी भी हिस्सा ले रहे हैं।

**********

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र 'प्रगति' ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2015 में इसका शुभारंभ किया था। 'प्रगति' ने निर्णय लेने की प्रक्रिया को तेज करने और प्रमुख अव संरचना परियोजनाओं में देरी का कारण बनने वाले मुद्दों के समाधान में सहायता की है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में बताया कि प्रगति के चलते रेलवे की परियोजनाओं को पूरा करने में तेजी आई है।

***चाहे वह सेंट्रल के हो, चाहे स्टेट के हो तो उसमें नॉर्मल कोर्स में क्या होता है कि एक बड़े रूटीन मैटर्स में चीजें चलती रही थी हैं बट जब वह प्रगति में जो चीजें आ जाती हैं तो बड़ी फास्ट ट्रैक हो जाती हैं तो इसमें ऑटोमेटिकली स्पीड आ जाती है और हमारे जो इंपॉर्टेंट प्रोजेक्ट्स अपने डिविजन के हैं लखनऊ डिविजन के उसमें भी प्रगति में होने की वजह से उनमें बहुत सारी जो इश्यूज के उनको हमें सॉल्व होने में बहुत मदद ली है।***

**********

प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी की अध्यक्षता में हज 2026 की व्यवस्थाओं के निरीक्षण के लिए गठित उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल कल एक सप्ताह की यात्रा पर सऊदी अरब के लिए रवाना हो गया। केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय द्वारा गठित यह प्रतिनिधिमंडल हज यात्रा के दौरान हाजियों के विभिन्न व्यवस्थाओं से संबंधित आवश्यक निर्णय लेगा। इस प्रतिनिधि मंडल में दिल्ली राज्य हज समिति के कार्यपालक अधिकारी, बिहार हज समिति के कार्यपालक अधिकारी तथा हज कमेटी ऑफ इंडिया के उप कार्यपालक अधिकारी भी शामिल हैं।

**********

प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं का विस्तार करने के लिए होम स्टे और ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट योजना पर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग 14 से 30 जनवरी तक प्रदेशव्यापी जागरूकता अभियान चलाएगा। यह अभियान प्रदेश के सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों वाले शहरों में चलाया जाएगा, जिसमें योजना के प्रचार–प्रसार के साथ लंबित प्रस्तावों का परीक्षण कर योग्य आवेदकों को तत्काल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। विभाग ने इस अभियान के लिए प्रति जनपद 2 लाख रुपये का बजट आवंटित किया है, जो जागरूकता कार्यक्रमों एवं प्रचार–प्रसार सामग्री पर खर्च किया जाएगा। यह अभियान राज्य के पर्यटन इकोसिस्टम को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

**********

प्रदेश के होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कल इटावा में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विकसित भारत जीरामजी योजना ग्रामीणों को 125 दिन रोजगार देने की गारंटी देती है। इसके तहत फसल की बुवाई और कटाई के दौरान काम से छूट की सुविधा प्रदान की गई है। योजना के तहत एक सप्ताह के भीतर पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा।

***–एक हफ्ते के अंदर पहले पेमेंट नहीं हो पाता था श्रमिकों का महीनों चक्कर लगाते थे लेकिन इस व्यवस्था के आने के बाद एक हफ्ते के अंदर उनका भुगतान होगा। पैसा उनका पहुंच जाएगा उनकी मजदूरी का अगर नहीं मिलता है तो ब्याज सहित पैसा दिया जाएगा।***

वहीं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कासगंज में कहा कि विकसित भारत जी राम जी योजना ग्रामीण भारत के विकास और युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से लाई गई है। प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने सुल्तानपुर में कहा कि यह अधिनियम देश के ग्रामीण परिवारों के लिए एक ऐतिहासिक कदम है।

**********

इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025 के अन्तर्गत लखनऊ में 12 से 23 जनवरी तक एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन टेक्नोलॉजी सहित कुल 20 स्किल्स में राज्य स्तरीय स्किल्स कम्पटीशन का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025 के लिए प्रदेश में एक लाख नौ हजार दो सौ उन्चास अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है, जो देश में सर्वाधिक संख्या है। 24 जनवरी 2026 को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित होगा।

**********

दुनियाभर में कल विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। इस दिवस को लेकर प्रदेश भर में विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान की प्रधान संपादक और वरिष्ठ साहित्यकार अमिता दूबे ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में बताया कि हिंदी भारत को एक सूत्र में पिरोने का कार्य कर रही है।

***यह हमारा सौभाग्य है कि हम भारत के निवासी हैं। जहां विविधता में एकता है और इस एकता को सूत्र में पिरोने वाली हमारी हिंदी हमारे साथ है जो हमारी स्वतंत्रता की भाषा भी बनी। जब हिंदी स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी तो हिंदी को भी शक्ति मिली और स्वतंत्रता आंदोलन को भी तीव्रता मिली।***

**********

वाराणसी के डॉक्टर सम्पूर्णानन्द स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे सीनियर नेशनल वॉलीबाल चैम्पियनशिप में कल महिला वर्ग के सेमीफाइनल मैच खेले गये। इन मैचों में केरल ने हरियाणा को और रेलवे ने राजस्थान को हरा कर फाइनल में जगह बनायी। फाइनल मैच आज खेला जायेगा।

**********

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में घने कोहरे के साथ ठंड का प्रकोप जारी है। कड़ाके की ठंड के चलते जन–जीवन प्रभावित है। सड़क, रेल और वायु यातायात पर भी इसका असर पड़ा है। ठंड को देखते हुए कई जिलों के जिला प्रशासन ने स्कूलों में अवकाश घोषित किया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों तक अधिकांश जिलों में घने कोहरे के साथ कड़ाके की ठंड पड़ने का सिलसिला जारी रहेगा।

**********